प्रतिलिपि पत्र संख्या-ई.सं.1047/जी0एस0 दिनांक 31.07.2006 द्वारा महामहिम कुलाधिपति जी के अनु सचिव, राज्यपाल सचिवालय, राजभवन, लखनऊ सम्बोधित कुलसचिव, छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर ।

---

आपके पत्र संख्या सी0एस0जे0एम0वि0वि0/सम्ब0/801/2006 दिनांक 28.6.2006 के संदर्भ में मुझे आपसे यह कहने का निर्देश हुआ है कि महामहिम कुलाधिपति महोदय ने उ0प्र0राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 की धारा-37(2) के "परन्तु" के अधीन पूज्य भाऊराव देवरस महाविद्यालय, मुक्तापुर, सरवन खेड़ा, कानपुर देहात को स्नातक स्तर पर कला संकाय के अंतर्गत हिन्दी भाषा, हिन्दी साहित्य, अंग्रेजी भाषा, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्र एवं इतिहास विषयों में स्ववित्त पोषित योजनान्तर्गत निम्नलिखित शर्तो के अधीन दिनांक 1.7.2006 से सम्बद्धता की स्वीकृति सहर्ष प्रदान कर दी है:-

1. संस्था उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी शासनादेश संख्या-2851/सत्तर-2-2003-16(92)/2002, दिनांक 2 जुलाई 2003 में उल्लिखित दिशा-निर्देशों एवं समय-समय पर इस विषय में निर्गत शासनादेशों का पालन करेगी ।
2. यदि संस्था द्वारा विश्वविद्यालय की परिनियमावली/अध्यादेश में वर्णित तथा शासन एवं विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शर्तो एवं मानकों की पूर्णता एवं उनकी निरन्तरता को सुनिश्चित नहीं किया जायेगा तो उ0प्र0 राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 के सुसंगत प्रावधानों के अधीन महाविद्यालय को प्रदान की गई सम्बद्धता वापस लिये जाने की कार्यवाही नियमानुसार की जायेगी ।

---

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर

सी0एस0जे0एम0वि0वि0/सम्ब0/ 1170 /2006 दिनांक 28/8/06

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यावाही हेतु प्रेषित :-

1. प्रबन्धक, पूज्य भाऊराव देवरस महाविद्यालय, मुक्तापुर, सरवन खेड़ा, कानपुर देहात को इस आशय से प्रेषित है कि महामहिम कुलाधिपति महोदय के उपरोक्त निर्देशों का अनुपालन करना सुनिश्चित करें तथा विश्वविद्यालय द्वारा अनुमोदित शिक्षकों का नियुक्ति पत्र, अनुबन्ध पत्र एवं ज्वाइनिंग पत्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें । साथ ही यह भी निर्देशित किया जाता है कि पूर्व मे स्वीकृत छात्र संख्या 360 तथा 120 छात्र सिर्फ सत्र 2006-2007 के लिये प्रवेश हेतु स्वीकृत किये जाते हैं । इस प्रकार केवल वर्तमान सत्र में मात्र 480 छात्रों के प्रवेश की अनुमति प्रदान की जाती है ।
2. उपकुलसचिव (परीक्षा), सी0एस0जे0एम0विश्वविद्यालय, कानपुर ।
3. सिस्टम मैनेजर, सी0एस0जे0एम0विश्वविद्यालय, कानपुर ।
4. इंचार्ज, ई0डी0पी0सेन्टर, सी0एस0जे0एम0विश्वविद्यालय, कानपुर ।

(महेश चन्द्र)
कुलसचिव